सार-समाचार

विश्राम गृह व प्याऊ का मामला गर्माया

रेवदर, (निसं)। रेवदर कस्बे में तहसील परिसर के बाहर स्थित सार्वजनिक प्याऊ एवं विश्राम गृह का मामला अब राजनीतिक परवान पर चढ़ता नजर आ रहा है। अब इस मामले में ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य एवं काफी ग्रामीण पंचायत के फैसले के विरोध में आकर खड़े नजर आ रहे हैं। पंचायत के वार्ड सदस्यों के हस्ताक्षर किया हुआ एक पत्र सामने आया है, जो कि जिला कलेक्टर के नाम लिखा गया है। मगनलाल एवं उनके पुत्र नवीन एवं राजेन्द्र निर्विवाद रूप से इस प्याऊ एवं विश्राम गृह का संचालन, रखरखाव कर रहे हैं, इसलिए वे वार्ड सदस्य एवं उप सरपंच उनको उस जगह से बेदखल करने के पक्ष में नहीं हैं। कई ग्रामीण भी ग्राम पंचायत द्वारा सार्वजनिक प्याऊ एवं विश्राम गृह पर अनाधिकृत कब्जा बताकर राजेंद्र रावल को कब्जा हटाने संबंधी नोटिस देने के विरोध में नजर आ रहे हैं। प्रकाश घांची, उप सरपंच, रेवदर का कहना है कि अभी मैं बाहर हूं, इस मामले में 21 जनवरी को फैसला आयेगा। मुकेश जोशी, वार्ड सदस्य रेवदर का कहना है कि सालों से सेवा कार्य करते आए हैं, तो ऐसे सेवा कार्य से रोका जाना गलत है।

सी.आई. सहित छह जने लाइन हाजिर

भीनमाल, (निसं)। जालोर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्द्धन अग्रवाला ने बुधवार को एक आदेश जारी कर भीनमाल पुलिस थाने के सीआई दुलीचन्द गुर्जर सहित छह पुलिस कार्मिकों लाइन हाजिर करने के आदेश दिये है। एसपी द्वारा थाने के सीआई दुलीचन्द गुर्जर, सहायक उप निरीक्षक कल्याण सिंह व चार कांस्टेबल प्रकाश बिश्नोई, ओमप्रकाश, रामलाल व श्रवण कुमार को लाइन हाजिर किया गया है। एक साथ थाने से छह जनों को लाइन हाजिर करने पर आम लोगों में यह चर्चा का विषय बना हुआ रहा। इस बारे में अलग अलग कयास लगाये जाते रहे। वैसे ज्ञातव्य रहे कि नवम्बर माह में पुलिस थाने के अधिकारी सहित महिला कार्मिकों के आचरण को लेकर व एक पुलिस अधिकारी की पत्नी द्वारा एसपी कार्यालय में पेश होकर शिकायत देने के मामले को लेकर लोगों में चर्चा रही कि हो न हो यही प्रमुख कारण हो सकता है।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

भीनमाल, (निसं)। स्थानीय पुलिस थाने में एक व्यक्ति के विरुद्ध कॉपीराइट एल्यूमीनियम पाइप बेचकर धोखाधडी करने का मामला दर्ज हुआ है। नगाराम पुत्र नेथीराम देवासी निवासी उम्मेदाबाद हाल भीनमाल ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि वह हिंदुस्तान अल्युमिनियम पाइप का अधिकृत विक्रेता है। इसी कंपनी के नाम का कॉपीराइट सामान हिदुस्तानी कम्पनी के नाम से नाहर अस्पताल के सामने स्थित मां चामुंडा ट्रेडर्स पर सुरेश कुमार पुत्र जबराराम पुरोहित द्वारा नकली माल को असली बताकर बेचा जा रहा है। मां चामुंडा ट्रेडर्स पर दबिश देकर कॉपीराइट माल एलुमिनियम के पाइप बरामद कर संचालक सुरेश कुमार पुत्र जबराराम पुरोहित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

ओपावत को श्रद्धांजलि दी

भीनमाल, (निसं)। क्षेमंकरी मातेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष ठाकुर सरदार सिंह ओपावत के निधन पर क्षेमंकरी तलहटी में बुधवार को शोकसभा का आयोजन कर ट्रस्ट पदाधिकारियों, सदस्यों, कर्मचारियों व दुकानदारों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। ट्रस्ट के महामंत्री भोमाराम सुथार ने स्वर्गीय ओपावत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक समर्पित व्यक्तित्व थे। जिन के प्रयास से ऐतिहासिक क्षेमकरी मंदिर में चंहुमुखी विकास हुआ। कोषाध्यक्ष मदन सिंह राव ने कहा कि स्वर्गीय ओपावत ने पहाडी पर बने मन्दिर तक सीसी रोड की परिकल्पना को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी ने ओपावत के कार्यकाल की सराहना कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उप कोषाध्यक्ष कोलचंद सोनी, निर्माण प्रभारी प्रेमभारती गोस्वामी, एडवोकेट गोपाल नागर, जेठाराम माली, हरिसिंह सोलंकी, महेश व्यास, भलाराम बंजारा, हेमाराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित

बालोतरा, (निसं)। कृष्णा सेवा संस्थान द्वारा महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई गई। संस्थान के अध्यक्ष धर्मेन्द्र दवे, रक्तदान प्रभारी मांगीलाल खत्री,लेखाधिकारी आनंद दवे,ग्रामीण प्रभारी राजू बिठुजा,नगर प्रभारी विमल मालवीय, सांस्कृतिक सचिव विपिन दवे,सदस्य पारस भाटी,, ईश्वर दास, गणपत अवस्थी,प्रेमदा सहित सदस्य मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

बालोतरा, (निसं)। राजकीय आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र असाडा एवं अराबा सहित क्षेत्र के 5 चिकित्सालयों में मरीजों की सुविधा हेतु 6 बैड अतिरिक्त वार्ड निर्माण हेतु 49.15 लाख स्वीकृत करवाने पर किटनोट एवं अराबा ग्राम के ग्रामवासियों ने विधायक मदन प्रजापत का उनके आवास पर जाकर साफा माला पहनाकर उनका आभार प्रकट किया। इस मौके पर गणपतसिह वकील, शौभसिह, लालसिह पुरोहित, मोहनसिह ,केसरसिह, रामनारायण चौधरी, मसराराम सुथार, धोकसिह, सोनाराम, गडूकाराम देवासी आदि मौजूद रहे।

विचार गोष्ठी आयोजित

रानी, (निसं)। भगवान महावीर गौशाला बिजोवा व पशुविभाग के तत्वावधान में बिजोवा महावीर गौ शाला में पशु कल्याण पखवाडा के तहत एक दिवसीय पशु सामान्य चिकित्सा, डीवार्मिग व विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। उपखण्ड अधिकारी रविकांत संयुक्त निदेशक विनोद कालरा ने विचार व्यक्त किए। डॉ.जगदीश रावल ने बताया कि शिविर में 217 पशुओं का टीकाकरण किया। गौशाला के युगराज जैन व किशोर जैन ने आगुन्तकों का स्वागत कर शिविर की उपयोगीता पर प्रकाश डाला।

वीर बाल दिवस की घोषणा से खुशी

बालोतरा, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान दिवस 26 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। इस घोषणा पर विद्यालय के छात्रों द्वारा खुशी जाहिर कर प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर आभार ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य जालम सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान को 21 से 27 दिसंबर तक सिख धर्म में पूरे सप्ताह बलिदानी सप्ताह के रूप में मनाते हैं। इस दौरान उत्सव जयंती प्रमुख भवानी सिंह राजेंद्र पाल वीरेंद्र जी प्रीति शर्मा प्रकाश कुमार अवतार सिंह खुशबू कुमार कुलदीप आदि आचार्य उपस्थित थे।

मोटरसाकिल चोरी के दो आरोपी पकड़े

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा पुलिस ने सोमवार को मोटरसाईकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दो वाहन चोर को गिरफ्तार कर ग्यारह किया, आरोपियों मोटरसाईकिल चोरी स्वीकार की। मुखबीर की सूचना पर संदिग्ध रितिक (18)पुत्र रमेशकुमार जाति वाल्मिकी निवासी शास्त्री कोलोनी, बालोतरा को दस्तयाब कर गहनता पुछताछ की गइ। उसके एक अन्य साथी हितेश (19) पुत्र किसनाराम जाति वादी निवासी हाडेचा पुलिस थाना सांचोर जिला जालोर द्वारा भी बालोतरा से मोटरसाईकिलें चोरी करना बताया। मुलजिम हितेश द्वारा बालोतरा से 6 मोटरसाईकिल एवं सांचोर से 4 मोटरसाईकिल चोरी करना स्वीकार किया।

झोलाछाप चिकित्सक गिरफ्तार

स्वरूपगंज, (निसं)। स्वरूपगंज स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य विभाग पुलिस की संयुक्त टीम की ओर से किए गए झोलाछाप घर पकड अभियान के अंतर्गत स्वरूपगंज व वाटेरा में चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही कर मामला दर्ज किया। झोलाछाप धरपकड अभियान के तहत तीसरे दिन वाटेरा में एमएस पटेल को बिना अनुज्ञा पत्र के चिकित्सा करते पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया एवं उसके बाद में स्वरूपगंज में सत्यम चिकित्सालय के पास इकबाल को गिरफ्तार किया गया। उसने अपने आप को केवल साक्षर होना बताया। उसके पास किसी प्रकार डिग्री नहीं है। प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने बताया इकबाल अपने आप को गुजरात का मशहूर हड्डी रोग विशेषज्ञ बता कर को गुमराह कर रहा था।

रोहिड़ा सरपंच पवन राठौड़ निलंबित

स्वरूपगंज, (निसं)। फर्जी पट्टा प्रकरण में रोहिडा सरपंच पवनकुमार राठौड़ को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी व उसके बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेजने पर राजस्थान सरकार के पंचायतीराज विभाग के उपयुक्त व शासन सचिव के आदेश पर बुधवार को निलंबन के आदेश जारी किए। राजस्थान सरकार के पंचायतीराज विभाग के उपयुक्त व शासन उपसचिव के आदेश 18 जनवरी 2022 के तहत निलंबित किया गया। आदेश के तहत निलंबन काल मे पंचायत के किसी कार्य व कार्रवाई में भाग नही लेंगे।

बंदियों के लिए मीठे पानी का आर.ओ. लगाया

जालोर, (कासं)। जिला कारागृह जालोर पर बंदियों के मीठे पानी पीने के लिए आर.ओ. बुधवार को लगाया गया। जिसका शुभारंभ विरेन्द्र कुमार मीणा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला जालोर ने किया गया।

इस दौरान जेल का निरीक्षण किया गया तथा कोराना महामारी के बढ़ते प्रभाव के कारण बंदियो व कर्मचारियों को कोरोना गाईडलाईन की पालना करने के लिए बताया गया। जेल उपाधीक्षक हडवन्तसिंह ने बताया कि जेल में निरुद्ध बंदियों के लिए मीठे पानी के लिए आर.ओ. लगाया गया है तथा सभी बंदियों तथा स्टॉफ का शत प्रतिशत पूर्ण वैक्सीनेशन कर लिया गया है। करोना गाइड लाइन की पालना की जा रही है।

इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र कुमार चौधरी, मेल नर्स शहजाद खान, मो. ताहीर, मुख्य प्रहरी कानाराम, आर.ए.सी. हैड कांस्टेबल लादूराम, प्रहरी हेमचन्द डूडी, रतन लाल, बलवीर चौधरी, रणजीत एवं महिला प्रहरी ग्यारसी, मांगी आदि उपस्थित रहे।

'पालना कराने वाले नियम भूले'

भीनमाल, (निसं)। ओमिक्रोन के बढते मामले को लेकर राज्य सरकार ने मास्क की अनिवार्यता कर दी है तो वही, राजस्थान पुलिस भी मास्क की अनिवार्यता को लेकर लोगों के चालान बना रही है, लेकिन इससे बचाव के लिए जारी की गई गाइडलाइंस को लेकर खुद सरकारी तंत्र संजीदा नहीं है।

मामले के अनुसार मंगलवार की शाम को नाहर अस्पताल के सामने हार्डवेयर की एक दुकान पर पुलिस कॉपीराइट मामले में कार्रवाई करने पहुंची थी वहां पर कांस्टेबल बिना मास्क के था। इस कांस्टेबल के मुंह पर न तो मास्क था और न ही कमीज पर लगे सभी बटन बंद थे। कांस्टेबल शर्ट के ऊपरी बटन खोलकर कार्रवाई करता नजर आया। जबकि कार्रवाई के दौरान वहां पर मौजूद अन्य सभी पुलिस अधिकारी मास्क लगाए हुए व वर्दी में नजर आए।

इतना ही नहीं जब मीडिया पुलिस कार्रवाई के वीडीओ बना रही थी तो कांस्टेबल शर्ट के बटन खुले हुए बदत्तमीजी करने पर उतारू हो गया। कांस्टेबल खुद को सीनियर अधिकारी का होने का रूतबा झाड़ने लग गया। सीनियर पुलिस अधिकारी चुपचाप देखते रहे। कांस्टेबल एक सीनियर एडवोकेट के साथ भी वहां मौजूद अन्य अधिकारियों के सामने भी तू तड़ाक से बात करने लगा गया और सीनियर अधिकारी खड़े देखते रह गए।

अर्जुनसिंह सरवाना सत्यपुर मंडल अध्यक्ष बने

जालोर, (कासं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायणसिंह देवल, संभाग प्रभारी प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, जालोर जिला प्रभारी महेंद्र बोहरा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने मंडल अध्यक्षों की घोषणा की।

भारतीय जनता पार्टी जालोर द्वारा सांचौर विधानसभा के पूर्व में छह मंडलों का परिसीमन कर नवीन मंडलों का निर्माण किया गया। सांचोर से सत्यपुर मंडल के अध्यक्ष अर्जुनसिंह सरवाणा टोपी व डुगरी मंडल के अध्यक्ष डूंगरा राम जाट को बनाया गया। इससे पूर्व में सत्यपुर मंडल संयोजक, सांचोर ग्रामीण मंडल महामंत्री, भाजयुमो मंडल महामंत्री सहित संगठन में कई वरिष्ठ दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं इसी के फलस्वरूप नवगठित मंडल के अध्यक्ष के रूप में प्रदेश एवं जिला सहमति से जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने अर्जुनसिंह सरवाना एवं डूंगरा राम जाट को मंडल अध्यक्ष बनाया। सत्यपुर टोपी व डुगरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने उक्त घोषणा के बाद में एक दूसरे को मुंह मीठा करवा कर अपनी खुशी जाहिर की ।

इस मौके पर किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाडसिंह राव बोरली, किसान मोर्चा जिला मंत्री दिनेशसिंह पुरोहित आमली, युवा मोर्चा चितलवाना मंडल अध्यक्ष नारायणसिंह रतोडा, मोहनलाल मेघवाल, लालाराम पुरोहित, शिवप्रतापसिंह सिवाडा, प्रतापसिंह कारोला समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस की तैयारी

पोकरण, (निसं।) गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बुधवार को पोकरण उपखंड अधिकारी कार्यालय में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राजेश कुमार विश्नोई ने की।
पंचायत समिति साकड़ा के विकास अधिकारी गौतम चौधरी, तहसीलदार चंदन पवार, खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर लॉन्ग मोहम्मद राजड, सीबीओ विष्णु कुमार छंगानी, अधिशाषी अधिकारी रामस्वरूप गुचिया, प्राचार्य जीएल जयपाल, झंवरराम आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर परिषद् पाली

क्रमांक: प. 9 ()कृ.भू.रू/2021/630 दिनांक : 19.01.2021

आपत्ति सूचना

इस कार्यालय में निम्न आवेदको ने कृषि भूमि रूपान्तरण नियमो के अन्तर्गत उनके भूखण्ड के पट्टे चाहे है। इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो, तो लिखित प्रार्थना-पत्र मय साक्ष्य आपत्ति सूचना पत्र के प्रकाशित होने के सात दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी और आवेदक को उसके द्वारा चाहे गये भूखण्ड का पट्टा विलेख दे दिया जावेगा।

क्र.सं.	आवेदक का नाम	योजना	दस्तावेज पंजीकृत अपंजीकृत व आवंटन मय दिनांक	राजस्व ग्राम	खसरा संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (वर्गगज में)	भूखण्ड की स्थिति				भूखण्ड का प्रकार
								उत्तर (N)	दक्षिण (S)	पूर्व (E)	पश्चिम (W)	
1.	सुरेश/गोपीलाल	इन्द्रा कॉलोनी	पंजीकृत 11.03.1996	पाली 2	1531	मकान	133.33	राजपूत छात्रावास	सडक 20 फीट	मिश्रीमल का मकान	कानजी का मकान	आवासीय
2.	प्रेमदेवी / मांगीलाल	शांति प्रिय नगर	पंजीकृत 03.08.2015	पाली 1	106	247/248	111.11	भू.सं. 241/243	सडक 20 फीट	भू.सं. 248/249	कानजी का मकान	आवासीय
3.	मो. कासम / जमाल	इन्द्रा कॉलोनी विस्तार	अपंजीकृत 24.03.2014	पाली 2	1549	131 का भाग	34.72	भू.सं. 130	सडक 30 फिट 6 इंच	भू.सं. 131 का भाग	सडक 13 फिट 5 इंच	आवासीय
4.	विध्या राजपुरोहित/मोहनलाल	शांति प्रिय नगर	पंजीकृत 29.08.1990	पाली 1	106	171/171	111.11	भू.सं. 170/170	भू.सं. 172/172	सडक 20 फिट	भू.सं. 213/213	आवासीय
5.	प्रेमलता कच्छवाह/चम्पालाल कच्छवाह	भगवती विहार	पंजीकृत 17.09.2021	पाली 1	240	36	111.11	भू.सं. 37	भू.सं. 35	भू.सं. 19	सडक 30 फिट	आवासीय
6.	विमला देवी/धर्माराम	अम्बेडकर नगर	पंजीकृत 30.09.2015	पाली 2	384	79/39	133.33	सडक 30 फिट	भू.सं. 65/22	भू.सं. 78/38	भू.सं. 80/40	आवासीय
7.	मो. कलीम / जमाल	इन्द्रा कॉलोनी विस्तार	अपंजीकृत 24.03.2014	पाली 2	1549	131 का भाग	34.72	भू.सं. 130	सडक 30 फिट 6 इंच	भू.सं. 172	भू.सं. 131 का भाग	आवासीय
8.	बाबुलाल / चतरा जी	श्याम नगर सोसायटी	आवंटन 75/ 29.07.1986	पाली 1	250	258	266.66	सडक 18 फिट	भू.सं. 257 व 258	सडक 20 फिट	सडक 30 फिट	आवासीय
9.	गीता / भलाराम	श्याम नगर सोसायटी	आवंटन 652/ 03.08.2008	पाली 1	250	779	133.33	सडक 25 फिट	भू.सं. 780	भू.सं. 760	सडक 27 फिट	आवासीय
10.	भीखाराम / किशनाराम	शास्त्री नगर	पंजीकृत 19.05.2000	पाली 2	1531	14	133.33	सडक 29 फिट 3 इंच	भू.सं. 20	भू.सं. 15	भू.सं. 13	आवासीय
11.	विजेन्द्र वैष्णव/गोपालदास वैष्णव	बापु नगर विस्तार	पंजीकृत 28.02.2020	पाली 2	1500	60 का भाग	64.16	भू.सं. 60 का भाग	भू. सं. 45	सडक 30 फिट	भू.सं. 61	आवासीय
12.	मो. सलीम/अब्दुल गनी	भोलेनाथ नगर	अपंजीकृत 06.08.2012	पाली 2	1566	1418 का भाग	133.33	भू.सं. 1417 व सडक 20 फिट	भू.सं. 1418 का भाग	सडक 20 फिट 3 इंच	भू.सं.1276 का भाग	आवासीय
13.	अब्दुल वहाव/अब्दुल गनी	भोलेनाथ नगर	अपंजीकृत 06.08.2012	पाली 2	1566	1418 का भाग	133.33	भू.सं. 1418	भू.सं. 1418 का भाग	सडक 20 फिट 3 इंच	भू. सं. 1276 का भाग	आवासीय
14.	सरला/धनाराम	अम्बेडकर नगर	पंजीकृत 14.12.2014	पाली 2	384	349/49	133.33	सडक 20 फिट	भू.सं. 345/57	भू.सं. 350/50	भू.सं. 348 व 347	आवासीय
15.	लाली गुर्जर/गोविन्द	शांति प्रिय नगर	पंजीकृत 18.11.2019	पाली 1	105	166/165	111.11	भू.सं. 167/166	भू.सं. 165/164	भू.सं. 115/115	सडक 20 फिट	आवासीय
16.	पुष्पा देवी/गोलाराम	शांति प्रिय नगर	पंजीकृत 01.09.2014	पाली 1	106	329/348	105.55	मंदिर की जमीन	सडक 20 फिट	भू.सं. 330/349	भू.सं. 328/47	आवासीय
17.	सुर्य प्रकाश शर्मा/जगन्नाथ	मणी नगर	पंजीकृत 28.12.2020	पाली 2	317	181/965	111.11	सडक 20 फिट	भू.सं. 182/966	भू.सं. 216/177	सडक 20 फिट	आवासीय
18.	निम्बाराम/मुफाराम	हनुमान कॉलोनी	पंजीकृत 05.03.2013	पाली 1	736	39 ए	101.11	अन्य भूमि	सडक 20 फिट	भू.सं. 35	भू.सं. 34	आवासीय
19.	सुगनादेवी/मिठाराम	ब्रिजेश कॉलोनी	पंजीकृत 17.09.2019	पाली 2	312	38/487	111.11	अन्य भूमि	भू.सं. 37/488	सडक 20 फिट	भू.सं. 20/396	आवासीय
20.	फातमा बानो/कमर हुसैन	हेदर कॉलोनी	पंजीकृत 17.08.2020	मानपुरा	377/7	109	111.11	भू.सं. 106	सडक 18 फिट	भूं.सं. 110	भू.सं. 108	आवासीय
21.	सफदाअली/जफरअली	शास्त्री नगर	पंजीकृत 17.03.2017	पाली 1	914	29 का भाग	55.55	सडक 30 फिट	भू.सं. 12	भू.सं. 28	भू.सं. 29 का भाग	आवासीय
22.	आदिल अली/जाहिद अली	शास्त्री नगर	पंजीकृत 17.03.2017	पाली 1	914	29 का भाग	55.55	सडक 30 फिट	भू.सं. 12	भू.सं. 29 का भाग	भू.सं. 30	आवासीय
23.	पदमा शर्मा/सुर्य प्रकाश शर्मा	मणी नगर	पंजीकृत 28.12.2020	पाली 2	317	216/197	111.11	सडक 30 फिट	भू.सं. 215/964	सडक 20 फिट	भू.सं. 181/965	आवासीय
24.	अशोक कुमार/भीकाराम चौधरी	शास्त्री नगर	अपंजीकृत 23.11.1995	पाली 2	1531	भूखण्ड	114.33	सडक 29 फिट 3 इंच	सडक 27 फिट 6 इंच	भीमाराम का फिट	चोक	आवासीय
25.	नारायण सिंह/ज्ञानसिंह	माया नगर	अपंजीकृत 15.09.2005	पाली 2	363/1	253	100.00	भू.सं. 236	सडक 30 फिट	भू.सं. 252	सडक 30 फिट	आवासीय
26.	रघुनाथचन्द/अणदाराम	लक्ष्मी नगर	अपंजीकृत 27.02.2009	पाली 2	1568	1641 का भाग	111.11	भू.सं.1641 का भाग	भू.सं. 1640	सडक 24 फिट 3 इंच	भू.सं. 1633 का भाग	आवासीय
27.	संतोषदास/रामभरोसदास	भगवती विहार	पंजीकृत 02.06.2021	पाली 1	240	50	111.11	भू.सं. 49	भू.सं. 51	सडक 20 फिट	भू.सं. 219/216	आवासीय
28.	प्रेमकंवर/अभयसिंह	शांति प्रिय नगर	सामलात रजि. 29.08.1990	पाली 1	106	168/168	88.88	सडक 20 फिट	भू.सं. 169/169	सडक 20 फिट	भू.सं. 219/216	आवासीय
29.	अमराराम/आदाराम	शिव नगर	पंजीकृत 04.10.1990	पाली 1	967/1	दुकान	36.83	गिरधारी का भूखण्ड	सडक 100 फिट	गिरधारी की दुकान	पारस चौधरी की दुकान	आवासीय
30.	लीना कच्छवाह/धर्मनारायण कच्छवाह	भगवती विहार	पंजीकृत 17.09.2021	पाली 1	240	20	111.11	भू.सं. 19	सडक 40 फिट	सडक 30 फिट	भू.सं. 35	आवासीय
31.	लीना कच्छवाह/धर्मनारायण कच्छवाह	भगवती विहार	पंजीकृत 17.09.2021	पाली 1	240	5	165.71	सडक 40 फिट	भू.सं. 4	सडक 30 फिट	सडक 40 फिट	आवासीय
32.	लीना कच्छवाह/धर्मनारायण कच्छवाह	भगवती विहार	पंजीकृत 17.09.2021	पाली 1	240	19	111.11	भू.सं. 18	भू.सं. 20	सडक 30 फिट	भू.सं. 36	आवासीय
33.	प्रेमलता कच्छवाह/चम्पालाल कच्छवाह	भगवती विहार	पंजीकृत 17.09.2021	पाली 1	240	35	111.11	भू. सं. 36	सडक 40 फिट	भू.सं. 20	सडक 30 फिट	आवासीय
34.	जरीना बानो/गुलाम रसुल	अशोक कॉलोनी विस्तार	अपंजीकृत 17.09.2021	मानपुरा	22	59	111.11	भू.सं. 58	सडक 22 फिट 6 इंच	भू.सं. 60	सडक 30 फिट 6 इंच	आवासीय
35.	चांदी देवी/गोरधन	-	पंजीकृत 08.03.2011	पाली 1	107	99	138.88	भू.सं. 100	भू.सं. 98	भू.सं. 81	सडक 30 फिट	आवासीय
36.	भरत कुमार/ भंवरलाल	श्री कृष्ण नगर	पंजीकृत 21.11.2017	पाली 1	223	603/111	138.88	भू.स. 602/112	भू.सं. 604/110	भू.सं. 636/116	सडक 25 फिट	आवासीय
37.	भरत कुमार/ भंवरलाल	श्री कृष्ण नगर	पंजीकृत 21.11.2017	पाली 1	223	604/110	138.88	भू.सं. 603/111	भू.सं. 605/109	भू.सं. 635/117	सडक 25 फिट	आवासीय
38.	गीता कंवर/राजु सिंह व राजूसिंह/छोगसिंह	खेतेश्वर नगर	पंजीकृत 16.06.2020	पाली 2	1565	37	111.11	भू.सं. 38	भू.सं. 36	सडक 28 फिट 6 इंच	सडक 29 फिट 3 इंच	आवासीय
39.	सुरेश जोधा/गणेशराम	गुरू नगर	अपंजीकृत 31.05.2005	पाली 1	240	295/2	111.11	भू.सं. 308/15	सडक 40 फिट	भू.सं. 296/3	भू.सं. 294/1	आवासीय
40.	मदनलाल/गणेशराम	कृष्णा नगर	अपंजीकृत 29.12.2009	पाली 1	239	268/32	133.33	भू.सं. 269/31	भू.सं. 268/31	भू.सं. 292/15	सडक 30 फिट	आवासीय
41.	सविता देवी/मुकेश	कृष्णा नगर	अपंजीकृत 21.08.2012	पाली 1	239	267	133.33	भू.सं. 268	भू.सं. 266	भू.सं. 293	सडक 30 फिट	आवासीय
42.	अनिल कुमार/सुरेशचन्द्र	न्यू शक्ति नगर	पंजीकृत 10.08.2020	पाली 2	661,662 663	385/386	111.11	भू.सं. 386/387	भू.सं. 384/385	सडक 25 फिट	भू.सं. 392/393	आवासीय
43.	अनिल कुमार/सुरेशचन्द्र	न्यू शक्ति नगर	पंजीकृत 10.08.2020	पाली 2	661,662 663	384/385	111.11	भू.सं. 385/386	भू.सं. 383/384	सडक 25 फिट	भू.सं. 393/394	आवासीय
44.	कमला देवी/दलपत पुरी	श्याम नगर सोसायटी	आवंटन 27.03.1993	पाली 1	250	1066	133.33	भू.सं. 1067	भू.सं. 1065	सडक 23 फिट 6 इंच	भू.सं. 1061	आवासीय
45.	सीता/सोहनलाल जोशी	श्याम नगर सोसायटी	आवंटन 948 ए 22.02.2009	पाली 1	250	42 ए	37.77	सडक 117 फिट 6 इंच	भू.सं. 10	भू.सं. 43	भू.सं. 42	आवासीय
46.	उदाराम/गेपाराम	श्याम नगर सोसायटी	आवंटन 948 बी 22.02.2009	पाली 1	250	42	37.77	सडक 17 फिट 6 इंच	भू.सं. 10	भू.सं. 42 ए	भू.सं. 41	आवासीय
47.	गौतम सुराणा/जवाहरलाल	राजेन्द्र नगर विस्तार	पंजीकृत 16.03.2021	पाली 2	1826 /361	817 /66	111.11	भू.सं. 817	भू.सं. 817	भू.सं. 842	सडक 20 फिट	आवासीय

आयुक्त
नगर परिषद पाली